स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

फरवरी, 2021

बी.एच.डी.एफ.-101 : हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे | *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । इस प्रश्न-पत्र में **सात** प्रश्न हैं ।*

---

1. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए : *4*

(क) घड़ों पानी पड़ जाना

(ख) नौ दो ग्यारह होना

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** के तद्भव रूप लिखिए : *4*

सर्प, मयूर, वृद्ध, हस्त, आम्र ।

3. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए : *10*

(क) साहित्य की उपयोगिता

(ख) फ़िल्म और समाज

(ग) छात्र और अनुशासन

(घ) पर्यावरण संकट

4. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** का भाव पल्लवन 200 शब्दों में कीजिए : 6

(क) आत्मनिर्भरता

(ख) विपत्ति मित्रता की कसौटी है

5. (क) मानक देवनागरी वर्णमाला लिखिए । 6

(ख) निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों में से किन्हीं ***चार*** का अर्थ स्पष्ट कीजिए : 4

सदन, विधि, निगम, पद, धारा, अधिसूचना, समिति, गजट ।

6. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** का आशय लगभग 200 शब्दों में लिखिए : 6

(क) देखते देखा मुझे तो एक बार,
उस भवन की ओर देखा, छिन्न तार ।
देखकर कोई नहीं,
देखा मुझे उस दृष्टि से
जो मार खा रोयी नहीं ।
सजा सहज सितार
सुनी मैंने वह नहीं जो थी सुनी झंकार
एक क्षण के बाद वह काँपी सुघर
ढुलक माथे से गिरे सीकर
लीन होते कर्म में फिर ज्यों कहाँ —
'मैं तोड़ती पत्थर ।'

(ख) जबरा शायद समझ रहा था कि स्वर्ग यही है और हलकू की पवित्र आत्मा में तो उस कुत्ते के प्रति घृणा की गंध तक न थी । अपने किसी अभिन्न मित्र या भाई को भी वह इतनी ही तत्परता से गले लगाता है । वह अपनी दीनता से आहत न था, जिसने आज उसे इस दशा में पहुँचा दिया । नहीं, इस अनोखी मैत्री ने जैसे उसकी आत्मा के सब द्वार खोल दिए थे ।

7. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 शब्दों में दीजिए : *2×5=10*

(क) 'वैष्णव की फिसलन' की भाषा-शैली स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'पूस की रात' कहानी का कथा सार लिखिए ।

(ग) 'जीने की कला' के विचार पक्ष पर प्रकाश डालिए ।

(घ) सूरदास के श्रृंगार चित्रण को स्पष्ट कीजिए ।